आकाशवाणी श्री विजयपुरम

21.04.2026 समय : 1905

1. माई भारत पहल के अंतर्गत भुवनेश्वर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के बजट क्वेस्ट–2026 में अंडमान लॉ कॉलेज की छात्राओं ने शानदार सफलता हासिल कर शीर्ष चार में जगह बनाई।

2. स्वच्छ भारत अभियान के तहत टुश्नाबाद स्कूल में छात्रों को पद्म श्री नरेश चन्द्र लाल ने स्वस्थ रहने और जल संरक्षण का दिया संदेश।

3. दक्षिण अंडमान जिला परिषद में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव के लिए 27 अप्रैल को विशेष बैठक होगी।

4. नशे के कारोबार पर पुलिस ने शिकंजा कस्ते हुए अट्टम पहाड़ से ड्रग्स के आरोपी को दबोचा।

<><><><><><>

अंडमान लॉ कॉलेज की छात्राओं ने हाल ही में ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के संवाद ″विकसित भारत–2047″ के तहत ″बजट क्वेस्ट–2026″ में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व किया। इस संवाद में कोमलप्रीत कौर, पी. आलिया मजीद, रजिया बानो तथा बी. पूर्णी ने भाग लिया। दो दिवसीय इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन ″मायभारत″ पहल के अंतर्गत, केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में किया गया। इसमें देशभर के युवाओं का चयन ऑनलाइन क्विज एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता के माध्यम से किया गया, जिसमें शीर्ष 10 प्रतिभागियों का चयन हुआ। अंडमान लॉ कॉलेज की इन चारों छात्राओं ने चयनित प्रतिभागियों में शीर्ष चार स्थान हासिल कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की। कार्यक्रम के दौरान कोमलप्रीत कौर, रजिया बानो और पूर्णी ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम', महिला सशक्तिकरण और समावेशी विकास जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जबकि आलिया मजीद ने ″विकसित कृषि″ विषय के अंतर्गत द्वीपों के किसानों की समस्याओं और समावेशी विकास पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पी. वी. एन सरमा ने बताया कि छात्राओं ने विकसित भारत की चर्चा में सार्थक योगदान दिया। इस उपलब्धि पर छात्रों एवं शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी।

<><><><><><>

स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पद्मश्री सम्मानित एवं स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर नरेश चंद्र लाल ने आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, टुश्नाबाद का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों से संवाद कर परिसर तथा अपने आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता न केवल हमारे वातावरण को बेहतर बनाती है, बल्कि यह अच्छे स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को खेलकूद में सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे शारीरिक रूप से फिट रह सकें। साथ ही, मोबाइल फोन के सकारात्मक उपयोग करने पर जोर देते हुए छात्रों को द्वीपों की संस्कृति पर लघु फिल्में बनाने जैसे रचनात्मक कार्यों में समय लगाने के लिए प्रेरित किया।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत ″ज्ञान भारतम् मिशन″ के तहत एक महत्वपूर्ण पहल प्रारंभ की गई है। इस मिशन का उद्देश्य देशभर में उपलब्ध प्राचीन पांडुलिपियों, अभिलेखीय धरोहरों का सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण, संरक्षण, डिजिटलीकरण तथा उन्हें सुलभ बनाना है। इसी क्रम में अंडमान निकोबार प्रशासन के कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा भी द्वीपसमूह के तीनों जिलों में एक केंद्र शासित प्रदेश स्तरीय अभियान शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य प्राचीन पांडुलिपियों, ऐतिहासिक दस्तावेजों, मानचित्रों, पुरानी तस्वीरों एवं अन्य अभिलेखीय सामग्रियों की पहचान, संकलन एवं संरक्षण करना है। विभाग ने नागरिकों, संस्थानों, विद्वानों एवं संग्रहकर्ताओं से अपील की है कि वे अपने पास उपलब्ध ऐतिहासिक महत्व की पांडुलिपियाँ, दुर्लभ दस्तावेज, व्यक्तिगत डायरी, पत्र, फोटो–निगेटिव, मानचित्र तथा अन्य अभिलेखीय सामग्री को साझा करें या दान करें, ताकि इन्हें ज्ञान भारतम् सर्वे ऐप पर डिजिटल रूप से संरक्षित किया जा सके। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि सभी योगदानकर्ताओं को उचित मान्यता दी जाएगी तथा मूल सामग्री का स्वामित्व उनके पास ही

रहेगा, जबकि केवल डिजिटल प्रतियाँ ही संग्रहित की जाएंगी। इच्छुक व्यक्ति फोन नंबर 94–76–037–145 पर जानकारी दे सकते हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला परिषद के पंचवर्षीय कार्यकाल के लिए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव के संबंध विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक 27 अप्रैल को सुबह 11 बजे दक्षिण अंडमान जिला परिषद, के सम्मेलन कक्ष में आयोजित होगी, जिसमें सभी निर्वाचित सदस्य भाग लेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला परिषद के पांचवें वर्ष के कार्यकाल के लिए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों का निर्वाचन संपन्न कराना है। प्रभारी निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी सूचना में सभी सदस्यों से निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है। यह बैठक सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के बाद आयोजित की जा रही है। बैठक में जिला परिषद के नेतृत्व का चयन किया जाएगा, जो आगामी अवधि में विकास कार्यों और नीतिगत निर्णयों में अहम भूमिका निभाएगा।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिले में सभी अग्निशमन केन्द्र द्वारा अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया गया। यह कार्यक्रम चौदह अप्रैल से बीस अप्रैल तक आयोजित किया गया। अग्निशमन सेवा सप्ताह का इस वर्ष का मुख्य विषय "सुरक्षित स्कूल, सुरक्षित अस्पताल और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज–अग्नि निवारण के लिए एक साथ" रखा गया, जिसका उद्देश्य समाज में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस दौरान विभिन्न अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अग्निशमन कर्मियों द्वारा मॉक ड्रिल, लाइव फायर फाइटिंग उपकरणों के प्रदर्शन तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। स्कूलों और स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष जागरूकता अभियान चलाए गए, जिनके माध्यम से बच्चों, मरीजों और कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा के आवश्यक उपायों की जानकारी दी गई। इस पूरे आयोजन में स्थानीय निवासियों, छात्रों और अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा प्रबंधन तथा अग्नि सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना था।

<><><><><><><>

पहाड़गांव थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से एक सौ चौरानबे ग्राम मेथामफेटामाइन बरामद की है। पुलिस को अट्टमपहाड़ क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार की सूचना मिलते ही एक विशेष टीम गठित की। टीम ने मंजरी गांव के निवासी राम कृष्ण दास से मेथामफेटामाइन बरामद की। पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ आम जनता से अपील की है कि किसी भी ऐसी गतिविधि की सूचना फोन नम्बर 112, 03192–232–100 या 03192–236–641 पर दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के तीनों जिलों में कल और 23 अप्रैल को टैबलेट आधारित फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी–2026 का आयोजन किया जाएगा। यह अध्ययन शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य कक्षा 3 के अंत में विद्यार्थियों की प्रारंभिक साक्षरता एवं संख्यात्मक क्षमताओं का आकलन करना है, जिससे क्षेत्र में प्रारंभिक शिक्षण परिणामों की स्पष्ट स्थिति प्राप्त हो सके। इस बार यह सर्वेक्षण पहली बार पूर्णतः टैबलेट आधारित प्रणाली से किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय स्तर का आकलन कार्यक्रम एन सी ई आर टी के अंतर्गत कार्यरत 'परख' द्वारा संचालित किया जा रहा है।

<><><><><><><>